卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 300 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦मंगलवार ♦5 अगस्त 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444262
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## दस वर्षीय मासूम की हत्या प्लास्टिक के कट्टे में मिला शव



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। गौलापार क्षेत्र में खेतों के पास एक 10 वर्षीय बच्चे का शव प्लास्टिक के कट्टे में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया और इलाके में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक बच्चा गौलापार में बटाई पर खेती करने वाले एक मजदूर का पुत्र था, जो सोमवार दोपहर 12 बजे से लापता था। परिजनों ने रातभर बच्चे की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया। मंगलवार सुबह जब खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों को एक प्लास्टिक के कट्टे से दुर्गंध आई, तो उन्होंने शक होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही काठगोदाम थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल को घेरते हुए साक्ष्य एकत्र किए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने प्रथम दृष्टया इसे हत्या का मामला मानते हुए जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि बच्चे की गला घोंटकर हत्या किए जाने की आशंका है। हालांकि, अंतिम (शेष पृष्ठ सात पर)

## चुनावी रंजिश में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष



गदरपुर (उद संवाददाता)। ग्राम सभा बरीराई के सुंदरपुर गांव में सोमवार देर रात चुनावी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि हमलावरों ने धारदार हथियार से हमला कर पीड़ित को लहूलुहान कर दिया, साथ ही गले की सोने की चेन भी लूट ली। घटना की सूचना पर पीड़ित पक्ष थाने पहुंचा, जहां पुलिस ने हालत गंभीर देखते हुए युवक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। मामला ग्राम प्रधान पद के चुनाव के बाद उपजे विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। घायल सुरेश बाछाड़ ने थाने में दी तहरीर में बताया कि ग्राम प्रधान पद के चुनाव के दौरान ही विपक्षी पक्ष से रंजिश चल रही थी, जो अब हिंसा में बदल गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत घर के सामने देर रात विपक्षी पक्ष ने उस पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया।घायल अवस्था में वह मौके पर ही बेहोश हो गया। परिजनों ने किसी तरह उसे थाने (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में तीन महिलाएं लापता,बच्चे भी संग

सितारगंज (उद संवाददाता)।क्षेत्र के अलग-अलग गांव से तीन विवाहित महिलाएं लापता हो गई हैं। इनमें महिलाओं के साथ मासूम बच्चे हैं। परिजन अनहोनी की आशंका जाता रहे हैं। मामले में परिजनों ने अलग-अलग गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। जिनकी जांच चल रही है। किच्छा रोड शक्तिफार्म आदि क्षेत्रों से अलग-अलग दिनांक को तीन महिलाएं संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है। जिसको लेकर परिजनों में अनहोनी की आशंका है। किच्छा रोड निवासी विवाहित महिला दो बच्चों को छोड़कर लापता है। परिजनों के अनुसार महिला घर से जेवरात भी ले गई है। उन्होंने पड़ोसी पर महिला को गायब करने का आरोप लगाया है। 25 मई को शक्ति फार्म क्षेत्र की महिला 3 वर्ष की बेटी के साथ दिल्ली के लिए रवाना हुई महिला से परिजनों की रुद्रपुर पहुंचने तक वार्ता हुई इसके बाद फोन स्विच ऑफ हो गया। रुद्रपुर में महिला की बच्ची का टीकाकरण कार्ड और ज्वेलरी का डिब्बा मिला है। जिसके आधार पर रुद्रपुर से फोन कर किसी ने महिला के पति को इसकी जानकारी दी गई है। इसके साथ ही 23 में को विवाहित महिला के लापता होने की रिपोर्ट भी कोतवाली में दर्ज कराई है।

## कल्याणी नदी किनारे बसे लोगों को सताने लगा है डर

उद संवाददाता (उद संवाददाता)। नगर के मध्य में बहने वाली कल्याणी नदी पिछले कई वर्षों से प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों की छत्रछाया में लगातार अतिक्रमण से अपना मूल रूप खोती जा रही है। पिछले कुछ दशकों में जिन अधिकारियों को अन्य प्रशासनिक व विभागीय कार्यों के साथ ही कल्याणी नदी का अस्तित्व बचाये रखने की जिम्मेवारी सौंपी गई थी उन्हीं के सामने कल्याणी नदी के मध्य व इसके दोनों ओर लगातार अतिक्रमण होते आ रहे हैं। हालात तो यहा तक पहुंच चुके हैं कि आज कल्याणी नदी एक नदी का स्वरूप न होकर महज नाले के रूप में ही दिखाई देने लगी है। कुछ वर्ष पूर्व निगम प्रशासन द्वारा कल्याणी नदी का सीमांकन कर इसमें अतिक्रमण करने वाले लोगों को भवन खाली करने के नोटिस भी दिये गये थे। लेकिन कुछ जन विरोध और कुछ इस मामले में राजनीति होने के कारण अतिक्रमण नहीं हटाये जा सके। दो माह पूर्व एडीएम पंकज उपाध्याय द्वारा कल्याणी नदी किनारे हुए अतिक्रमण का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया था। जिससे अतिक्रमणकारियों में खलबली मच गई थी। कुछ भवनों पर बुल्डोजर गरजा भी। गत दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी प्रदेश की सभी नदियों तथा मुख्य मार्गों को अतिक्रमण से मुक्त करने के निर्देश दिये हैं। जिसके बाद से प्रशासनिक व विभागीय अधिकारी गहरी नींद से जागने लगे हैं। अब मानसून की वर्षा प्रारम्भ हो चुकी है। पूर्व में हर वर्ष लगातार वर्षा के दौरान कल्याणी नदी में आने वाली बाढ़ से नदी के मध्य व दोनों किनारों पर अतिक्रमण कर परिवार सहित रहने वाले लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। जिसे देखते हुए न सिर्फ यहां के निवासी वरन् अधिकारी वर्ग (शेष पृष्ठ सात पर)



## स्व. बंटी कोली के जन्म दिन पर दर्जनों लोगों ने किया रक्तदान

रुद्रपुर। रम्पुरा के दिवंगत युवा नेता स्व. बंटी कोली के जन्म दिन पर मंगलवार को राजकीय ब्लड बैंक में राष्ट्रीय चेतना मंच के तत्वावधान में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और गणमान्य नागरिकों ने रक्तदान कर युवा नेता बंटी कोली कोली को श्रद्धांजलि अर्पित की। शिविर का शुभारंभ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने किया। शिविर में उपस्थित लोगों ने स्व. बंटी कोली को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और समाज सेवा के उनके कार्यों को याद किया। रक्तदान शिविर में दर्जनों युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर स्व. बंटी कोली को सच्ची श्रद्धांजलि दी।शिविर के दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि बंटी कोली न सिर्फ युवाओं के बीच लोकप्रिय थे, बल्कि समाज सेवा के लिए सदैव (शेष पृष्ठ सात पर)







## धारदार हथियार लेकर लोगों को धमका रहा युवक गिरफ्तार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र अंतर्गत गोल्ज्यू मंदिर के पास देर रात एक व्यक्ति द्वारा हाथ में धारदार चापड़ लहराकर राहगीरों को डराने-धमकाने की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार रात करीब 11 बजे थाना ट्रांजिट कैंप में गश्त पर निकले उपनिरीक्षक विकास रावत, उप निरीक्षक चंचल सिंह व चालक कांस्टेबल राजेंद्र कुमार को शिवनगर तिराहे पर गश्त के दौरान एक मुखबिर ने सूचना दी कि गोल्ज्यू मंदिर के पास एक व्यक्ति हाथ में चापड़ लेकर खड़ा है और राहगीरों को डरा-धमका रहा है। सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। डायल 112 की टीम के सहयोग से जब पुलिस ने मंदिर से कुछ दूरी पर बताए गए स्थान पर दबिश दी तो वहां एक व्यक्ति सड़क किनारे खड़ा मिला, जिसके हाथ में धारदार चापड़ था। पुलिस ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान टिकेन्द्र सरकार निवासी वार्ड नं. 11, संजय नगर खेड़ा, थाना ट्रांजिट कैंप के रूप में हुई। पूछताछ में उसने बताया कि उसने शराब (शेष पृष्ठ सात पर)

# भाजपा मौर्य पर खेल सकती है दांव, गंगवार कांग्रेस के संपर्क

### सीएम धामी ने अचानक बदला सियासी पैंतरा, युवा चेहरे को मैदान में उतारने की तैयारी

ऊधम सिंह नगर। दिल्ली और देहरादून से एक बड़ी खबर सामने आई है। सूत्रों का दावा है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपना सियासी पैंतरा बदल दिया है। भारतीय जनता पार्टी से जुड़े विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो भारतीय जनता पार्टी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के गृह क्षेत्र खटीमा से जिला पंचायत का चुनाव जीते अजय मौर्या पर अपना दांव खेल सकती हैं। अचानक बदले इस सियासी माहौल ने जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव का पूरा का पूरा गणित बिगाड़ कर रख दिया है। दावा किया जा रहा है कि जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में खास मजबूत पकड़ और बेहद अनुभव रखने वाले जिला पंचायत सदस्य रेनू गंगवार के पति कांग्रेस के बड़े नेताओं के संपर्क में हैं। अगर यह सत्य है तो जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव बेहद रोमांचकारी हो जाएगा। आपको बता दें कि भंगा जिला पंचायत सीट पर सुरेश गंगवार की पत्नी निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार ने चुनाव लड़ा है। वर्तमान में सुरेश गंगवार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के करीब हैं। चर्चा है कि सुरेश गंगवार ने जिला पंचायत सदस्य चुनाव हेतु भारतीय जनता पार्टी से अधिकृत प्रत्याशी होने की कोशिश की थी किंतु सरकार में बैठा एक बड़ा सियासी खेमा उनके विरोध में आ गया बताया गया था कि इस कारण सुरेश गंगवार की पत्नी रेनू गंगवार को भाजपा द्वारा अपना अधिकृत प्रत्याशी नहीं घोषित किया गया। इधर दूसरी और सुरेश गंगवार की भाजपा में पकड़ का अंदाजा इस बात से लग जाता है क्योंकि भाजपा ने भंगा जिला पंचायत सीट पर किसी को भी अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित नहीं किया था। चर्चा है कि चुनाव के दौरान से ही सुरेश गंगवार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के संपर्क में बने हुए हैं।ऊधम सिंह नगर जनपद की राजनीति को बेहद नजदीक से जानने वाले लोगों का दावा था कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सुरेश गंगवार पर दांव खेलेंगे और एक बार फिर सुरेश गंगवार की पत्नी रेनू गंगवार जिला पंचायत अध्यक्ष बन जाएगी किंतु उधर दूसरी और भारतीय जनता पार्टी के (शेष पृष्ठ सात पर)







# जिलाधिकारी ने बाजपुर में जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण







## जलभराव प्रभावितों को सहायता धनराशि चैक कराए वितरित,लेवड़ा नदी में दो पुलों व तटबंध बनाने हेतु 23 करोड़ धनराशि का जीओ जारी

बाजपुर(उद संवाददाता)। पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार भारी वर्षा के कारण बाजपुर की लेवड़ा नदी में जल स्तर बढ़ने से रविवार को इंदिरा कॉलोनी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। कल से लगातार जिला प्रशासन के अधिकारी राहत-बचाव, भोजन वितरण कार्य कर रहे हैं। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने अधिकारियों के साथ जल भराव प्रभवित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया व प्रभवितो के घरों का मुआयना किया, उनसे संवाद किया तथा जलभराव से प्रभावित परिवारों को अहेतुक सहायता धनराशि चौक वितरण कराए साथ ही स्वास्थ्य विभाग की चिकित्सा टीम से दवाएं भी वितरण कराए। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशन में उपजिलाधिकारी, खाद्यान्न विभाग एवं प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा रविवार को प्रभावित लोगों को दोपहर का भोजन उपलब्ध कराया गया एवं रात्रि भोजन की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई। उप जिलाधिकारी डॉ. अमृता शर्मा के निर्देशन में आपदा राहत कार्यों को गति दी जा रही है। जलभराव से प्रभावित परिवारों को आपदा मद से आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के लिए पांच टीमों का गठन किया गया है ताकि समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से सहायता प्रदान की जा सके। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी व अधिशासी अभियंता सिचाई को लेवड़ा नदी में इन्द्रा कालोनी पुल के दोनो ओर तत्काल अस्थाई तटबन्ध बनाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा लेवड़ा नदी में इन्द्रा कालोनी व चकरपुर पुल को ऊचा करने व तटबन्ध निर्माण का शासनादेश जारी कर दिया है। मानसून के उपरांत निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। उन्होने अधिकारियों को लेवड़ा नदी में अतिक्रमण चिन्हित करने के निर्देश भी दिये। रविवार को ग्राम खमरिया के जयपाल के पुत्र यश की डूबने से मृत्यु हो गयी थी जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों को शोक संवदेना व्यक्त कर सान्त्वना दी। उन्होने कहा कि सरकार व प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ है, हर सम्भव सहायता दी जायेगी। उन्होने मौके पर ही खण्ड विकास अधिकारी को पीड़ित के घर की मरम्मत कराने व शौचालय बनवाने के निर्देश दिये साथ ही नया आवास प्रस्तावित करने के भी निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी डॉ0 अमृता शर्मा, अधिशासी अभियंता एके जौन, तहसीलदार अक्षय भट्ट, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मनोज दास, पूर्व दर्जा मंत्री राजेश कुमार, गौरव व अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

# जलभराव को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

किच्छा(उद संवाददाता)। लगातार बारिश से क्षेत्र में जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है तथा जगह-जगह वर्षा का पानी आवाजाही में दिक्कत उत्पन्न कर रहा है। नगर पालिका परिषद द्वारा जल निकासी की व्यापक तैयारी किए जाने के बावजूद भी जल भराव की समस्या उत्पन्न हो रही है। हल्द्वानी रोड पर अमृत योजना के तहत बनाए जा रहे स्टेशन के ठीक सामने नाला निर्माण न होने की वजह से जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। अमृत योजना के तहत किच्छा रेलवे स्टेशन का विस्तारीकरण किया जा रहा है किंतु लोक निर्माण विभाग द्वारा रेलवे स्टेशन की बाउंड्री एवं सड़क की बाउंड्री से लगते नाले का निर्माण नहीं होने की वजह से जल भराव हो रहा है जिस वजह से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा क्षेत्र में विभिन्न वार्डों में भी वर्षा के चलते जल भराव की समस्या उत्पन्न हो रही है जिसको लेकर वार्ड वासियों द्वारा उपजिलाधिकारी गौरव पांडे, अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह एवं तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी को ज्ञापन दे करके जल भराव की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की जा रही है। वार्ड नंबर 16 के तमाम वार्ड वासियों एवं वार्ड नंबर 2 के वार्ड वासियों के द्वारा उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर के जल भराव की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की गई है जिस पर सभी अधिकारियों द्वारा नगर पालिका कर्मचारियों को जल निकासी दिवस करने के निर्देश दे दिए गए हैं ।उप जिलाधिकारी गौरव पांडे ने जनता से अपील की है कि वर्षा के चलते जहां कहीं भी जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है उसकी निकासी किए जाने हेतु तुरंत नगर पालिका एवं तहसील प्रशासन और उप जिलाधिकारी कार्यालय को सीधे अवगत कराया जा सकता है जिसके लिए नगर पालिका प्रशासन हर समय तैयार है।




## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के आजाद नगर से एक 18 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने युवती की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। आजाद नगर निवासी रेखा पत्नी महीपाल ने ट्रांजिट कैंप थाने में तहरीर दी है कि उनकी पुत्री मिनाक्षी 29 जून 2025 को सुबह 10 बजे घर से यह कहकर निकली थी कि वह काम पर जा रही है, लेकिन इसके बाद से वह वापस नहीं लौटी। परिजनों का कहना है कि उन्होंने अपनी बेटी की हर संभावित स्थान और रिश्तेदारी में तलाश कर ली, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। तहरीर के आधार पर ट्रांजिट कैंप पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर लापता



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हरिपुर शील कॉलोनी वार्ड नंबर 37 निवासी 14 वर्षीय किशोर हितार्थ अधिकारी संदिग्ध परिस्थितियों में 31 जुलाई घर से लापता है। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दे दी है। हितार्थ की मां रेखा अधिकारी पत्नी हरीश अधिकारी के अनुसार उसका 14 वर्षीय पुत्र हितार्थ 31 जुलाई को दोपहर घर में बिना बताए चल गया है।पुलिस द्वारा लापता किशोर की तलाश की जा रही है, लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है

# गिरिराज धरण की लीला का हुआ वर्णन

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री पुरातन सनातन धर्म मंदिर में सावन मास के उपलक्ष्य में चल रही धार्मिक कथा श्रृंखला के 26वें दिवस पर आज श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कथा का वाचन कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री ने किया। कथा के दौरान शास्त्री जी ने गिरिराज धरण की लीला का सुंदर वर्णन करते हुए कहा कि प्रभु का आधार ही जीवन को सफल बनाता है। संसार गोवर्धन प्रभु के सहारे खड़ा है। जब भगवान का सहारा होता है, तब जीवन में केवल आनंद ही आनंद होता है। यदि उनका आश्रय न हो, तो क्षण भर में सब कुछ नष्ट हो सकता है।उन्होंने आगे कहा कि जब भी जीवन में दुख या विपत्ति आए, तो प्रभु की शरण ही एकमात्र समाधान है। गिरिराज धरण की लीला का यही भाव है कि प्रभु जब अपने भक्तों का सहारा बनते हैं, तो हर संकट टल जाता है। कथा में मंदिर के संरक्षक अजीत भुसरी, राजू सिंधी, संजीव पपनेजा, मनोज कश्यप, ललित मलिक सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और कथा का श्रवण किया। पूजा-अर्चना व प्रसाद सेवा अनिल जेठली, मुकेश झाम एवं रामचंद्र गुप्ता के परिवारद्वारा की गई।



# पेयजल व सीवर लाइन बिछाते समय खुले गड्ढों को तत्काल ढकें

## कुमाऊं आयुक्त ने की एडीबी परियोजना अंतर्गत हल्द्वानी नगर में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आयुक्त कुमाऊं व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने सोमवार को हल्द्वानी कैम्प कार्यालय में एडीबी परियोजना अंतर्गत हल्द्वानी नगर में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में परियोजना से आए अधिकारियों द्वारा परियोजना की भौतिक प्रगति के संबंध में अवगत कराया गया कि वर्तमान में परियोजना में 302 किमी पेयजल, 50 किमी सीवर लाईन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 02 जलाशय में निर्माण कार्य प्रगति पर है। 6 नलकूपों में बोरिंग का कार्य किया जा चुका है। उन्होंने अवगत कराया कि पेयजल- सीवर लाईन निर्माण से लगभग 250 किमी सड़क प्रभावित हुई है। जिनमें से 65 किमी सडक का पुर्निर्माण कर दिया गया है। साथ ही 70 किमी सड़क मार्ग में सर्फेसिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 04 पेयजल टैंकों के लिए वन विभाग से विधिवत स्वीकृति प्राप्त हो गई है, जिसमें पेड़ कटान की कार्यवाही गतिमान है। पेड़ कटान के उपरांत उक्त टैंकों का शीघ्र ही निर्माण कार्य आरंभ किया जाना है। ज्ञात है कि आयुक्त कुमाऊँ को रविवार की सुबह अम्बा नगर फेज 1 में हुए जलभराव केसंबंध में शिकायत प्राप्त हुई कि वहां पर विगत 4 माह से कार्य नहीं हुआ है और जल भराव हो गया है। इस स्थान पर एडीबी द्वारा पिट नहीं ढका था जो स्पष्टत: इनकी लापरवाही है। इस संबंध में आयुक्त द्वारा एडीबी के अधिकारियों को चेतावनी भी दी गई है। इस सम्बन्ध में अवगत कराया कि उक्त सड़क पर निर्माण कार्य गतिमान है। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि रविवार की सुबह अतिवृष्टि से सिंचाई की गूल से पानी आ जाने के कारण जलभराव हो गया था, जिसे डिवाटरिंग कर दिया गया है। समीक्षा के दौरान आयुक्त श्री रावत ने संबंधित अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देश दिए गए कि एडीबी द्वारा पेयजल लाईन एवं सीवर बिछाने के जो कार्य किए जा रहे हैं, उनमें यदि कहीं पर ऐसे गड्ढे खुले हुए हैं अथवा खुला हुआ पिट है, जो नजर नहीं आ रहा है। बारिस के पानी से वह ढक जायेगा और आवागमन करने वालों को पता नहीं चलेगा और उसमें आवागमन करने वाले लोग गिर सकते हैं और घटना घटित हो सकती है ऐसी स्थिति नहीं आये। यदि कहीं पर ऐसी स्थिति है तो उस स्थान को बेरिकेड्स कर दिया जाय ताकि दूर से ही स्पष्ट रूप से दिख जाय और कोई दुर्घटना न हो। आयुक्त ने अधिकारीयों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को तेजी से कराया जाय, जनता को किसी भी प्रकार की समस्या न हो यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय। बैठक में कार्यदाई सस्था यूयूएसडीए के परियोजना प्रबंधक कुलदीप समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# भाजपा अब नहीं रही संस्कारों वाली पार्टी : बेहड़

## रुद्रपुर ब्लॉक के कांग्रेस समर्थित नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों तथा बीडीसी सदस्यों का फूलमालाओं से स्वागत किया

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलकराज बेहड़ के कार्यालय में सोमवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में रुद्रपुर ब्लॉक के कांग्रेस समर्थित नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों तथा बीडीसी सदस्यों का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान बेहड़ ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए। बेहड़ ने आरोप लगाया कि पोलिंग पार्टियों के जमा करने के दो घंटे बाद बैलट बॉक्स ए एन झा इंटर कॉलेज पहुंचे, जबकि खटीमा में चार घंटे लगे। दोपहरिया जिला पंचायत सीट पर 2600 वोट कैंसिल होना शक जाहिर करता है। गुरदास कालरा के गांव में उन्हें जिताने का संकल्प लिया था। इसके बावजूद 400 वोट खराब होना सोचनीय है।एक बैलेट बॉक्स में मोहर तक निकली है। बेहड़ ने कहा कि उन्हें सब पता है कि कौन अधिकारी वहां खड़े थे। इसके सबूत मिल चुके हैं। बीडीसी मेंबर को उठाने का खेल चल रहा है। सरकार की दमनकारी नीति के खिलाफ ब्लॉक प्रमुख का चुनाव लड़ना आसान नहीं था, इसीलिए कांग्रेस ने ब्लॉक प्रमुख का चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को किसी के साथ जाने से नहीं रोका है। आरोप लगाया कि उनके सामने सत्ता,धनबल और संगठन लड़ रहा था। जबकि वह अपने कार्यकर्ताओं के बल पर अकेले चुनाव लड़ रहे थे। कहा कि उन्होंने कार्यकर्ताओं के बल पर लड़ाई जीती है, जिसे वह हमेशा याद रखेंगे। बेहड़ ने कार्यकर्ताओं से कहा कि 2027 तक दमन सहने का प्रयास करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा यदि कांग्रेस की सरकार आ गई और वह



सरकार में मंत्री बन गए तो इन अधिकारियों ने जैसे खेल खेला है, वैसी ही वह इन्हें सजा देंगे। दोपहरिया सीट से जिला पंचायत सदस्य गुरदास कालरा, प्रतापपुर सीट जिला पंचायत सदस्य प्रेमप्रकाश, कुरैया सीट से जिला पंचायत सदस्य सुनीता देवी ने कहा कि जनता ने विधायक बेहड़ के विकास कार्यों पर मुहर लगाई है। उन्होंने विधायक और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का आभार जताया। कार्यक्रम में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रमेश तिवारी गुड्डू, सुनील ठाकुर, एनयू खान, राजेश प्रताप सिंह, सुनीता कश्यप, बंटी पपनेजा, गुलशन सिंधी, जीवन जोशी आदि मौजूद रहे।

### भीतर घातियों पर कार्रवाई के लिए मोर्चा खोलेंगे

किच्छा। बेहड़ ने आरोप लगाया कि वह इस समय दोहरी लड़ाई लड़ रहे हैं। कुरैया सीट पर जिसे वह टिकट नहीं दे पाए, उसने गांव-गांव खुला खेल खेला। जिला संगठन के पदाधिकारी उसके साथ संलिप्त रहे। इसके पुख्ता प्रमाण मिल चुके हैं। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य से शिकायत की है। बेहड़ ने कहा कि वह भीतर घाती नेताओं को नहीं हटाए जाने पर वह इनके खिलाफ यहां से लेकर दिल्ली तक मोर्चा खोलेंगे।

## धूमधाम से मनाया भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का जन्म दिन

जसपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का जन्मदिन नगर में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया। भूतपुरी रोड स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खड़क सिंह चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और महेंद्र भट्ट के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। सभी ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आस्था प्रकट करते हुए प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अशोक खन्ना, महाराज सिंह, अजय





राणा, वेदानंद शर्मा, चौधरी बृज किशोर, महेंद्र कश्यप, रूपेश कुमार, मुरारी सिंह, शैलेंद्र सिंह, रवि कुमार, ओम प्रकाश सिंह, प्रवेश सिंह, वीरेंद्र वर्मा, गौतम सिंह, सुरेंद्र चौहान, बाबू तोमर, वीरेंद्र शर्मा, अमित कुमार, संजीव शास्त्री, जितेंद्र कुमार, महेश चौहान, संदीप चौहान समेत कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हैप्पी कॉलोनी में जल भराव से लोगों का जीना दूभर

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 2 हैप्पी कॉलोनी में जल भराव से लोगों का जीना दूभर हो गया है। पिछले तीन-चार दिनों से हो रही लगातार बारिश से क्षेत्र में जगह-जगह जल भराव हो गया है जिस वजह से लोगों को आवाज चाहिए में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड नंबर 2 हैप्पी कॉलोनी दरऊ रोड के लोगों द्वारा उप जिलाधिकारी गौरव पांडे से जल निकासी किए जाने की गुहार लगाई है उप जिलाधिकारी नवनियुक्त गौरव पांडे द्वारा वार्ड वासु की समस्या को देखते हुए क्षेत्र के हल्का पटवारी एवं नगर पालिका कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए जल निकासी को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। वार्ड वासियों ने को जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा है कि वे लोग डरो रोड राधा स्वामी सत्संग के पास स्थित हैप्पी कॉलोनी के निवासी हैं तथा कॉलोनी का जल निकासी हेतु बम्बों द्वारा व्यवस्था की गई है किंतु आबादी की आवश्यकता के अनुसार उक्त बम्बों से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है जिस वजह से जल भराव



हो रहा है तथा घुटनों तक पानी भर गया है जिससे आवाज आई बंद हो गई है उन्होंने यहां भी कहा है कि जल भराव की वजह से मकान की दीवारें बैठ रही हैं तथा किसी भी समय कोई भी अनहोनी घटना घट सकती है गंदे पानी की वजह से वार्ड वासियों का जीना भी दूभर हो गया है इसलिए अगर जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो किसी भी अपनी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता ।उप जिलाधिकारी गौरव पांडे द्वारा फरियादियों को आश्वासन दिया गया कि शीघ्र ही जल निकासी की व्यवस्था कर दी जाएगी ज्ञापन के आधार पर संबंधित अधिकारियों को उप जिलाधिकारी ने तुरंत समस्या के निराकरण हेतु कार्यवाही करने को कहा है ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से चूड़ामणि सागर मिथिलेश कुमारी पूजा बाबा मनोहरी देवी पूजा बबलू राठौर खुशबू कुमारी लता देवी सुनीता नेत्रपाल चंचल प्रेमवती नीतू रवि नितिन गंगवार गौरव अनीता रामकिशन आदि लोग मौजूद थे।

## फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी सुविधायें प्राप्त करने वालों पर शिकंजा

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा सभी जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि प्रदेश में जिन लोगों ने गलत तरीके से राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, आयुष्मान कार्ड और अन्य दस्तावेज प्राप्त किए हैं, तथा ऐसे कार्ड बनाने में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारियों द्वारा इस संबंध में कार्यवाही की जा रही है। अब तक जिलाधिकारी पौड़ी, बागेश्वर एवं देहरादून द्वारा निरस्त किए गए अपात्र राशन कार्डों का विवरण उपलब्ध कराया गया है। जिसमें जनपद पौड़ी में राशन कार्ड सत्यापन के अंतर्गत 961 अपात्र कार्डधारकों के राशन कार्ड निरस्त किए गए हैं। जनपद बागेश्वर में 5307 तथा देहरादून में 3332 राशन कार्ड निरस्त किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड आदि धारकों की सही पहचान करना जरूरी है, ताकि पात्र व्यक्तियों को ही योजनाओं का लाभ अनुमन्य हो सके। इससे प्रदेश में योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में मदद मिलेगी तथा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जन सुविधायें प्राप्त करने वालों की पहचान हो सकेगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी जिलाधिकारियों द्वारा जनपद स्तर पर राशन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड का सत्यापन अभियान सघनता से संचालित किया जा रहा है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पैन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

दो गोदाम किराये हेतु खाली हैं
किच्छा बाईपास रोड तीन पानी, महेन्द्रा शोरूम के पास स्थित 2200 Sq Fit एवं 6500 Sq Fit के दो गोदाम किराये हेतु खाली हैं।
-सम्पर्क करें-
9917118263

## दुर्गा पूजा कमेटी के विश्वजीत हालदार अध्यक्ष

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। शक्तिफार्म के टैगोर नगर में आयोजित होने वाले शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए बैठक आयोजित कर कमेटी का गठन किया गया। टैगोर नगर में 28 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पांच दिवसीय शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए शक्तिफार्म में शारदीय दुर्गा पूजा कमेटी के पदाधिकारी व ग्रामीणों द्वारा मंदिर परिसर में बैठक आयोजित कर कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से विश्वजीत हालदार अध्यक्ष, संजीव



बढ़ई उपाध्यक्ष,अशोक मंडल महासचिव, रवि मजूमदार उपसचिव, नारायण विश्वास कोषाध्यक्ष, सब्यसाची हालदार ऑडिटर, सुनील विश्वास, राम मित्र, आशु दास, किशोर राय, बाबूराम हालदार, अजीत हालदार, आनंद सरकार, रिपु सूदन मंडल, नागर मंडल, सुनील सरकार एवं हरेंद्र मंडल संरक्षक चुने गए। मौके पर चेयरमैन सुमित मंडल, प्रधान नेहा सरकार,पूर्व चेयरमैन सुनील विश्वास,पूर्व प्रधान किशोर राय,पवित्र मंडल, परितोष विश्वास,अमृत विश्वास, शुभम मंडल,नारायण विस्वास,रंजन मंडल, अजीत हालदार, बाबूराम विश्वास, आनंद सरकार आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# करोड़ों की लागत के नाले बने 'तालाब' का कारण

सितारगंज(उद संवाददाता)। लगातार हो रही बारिश ने नगर के जेल कैंप रोड और आसपास के इलाकों को तालाब में बदल दिया है। आश्चर्य की बात यह है कि पहले जो पुराने नाले बने हुए थे, उनमें पानी कभी नहीं भरता था, लेकिन पीडब्ल्यूडी द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से बनाए गए नए नालों के बाद हालात और बदतर हो गए हैं। लोग अब खुले तौर पर कह रहे हैं कि "हमें पुराने नाले लौटा दिए जाएं", क्योंकि नए नालों ने जलनिकासी की समस्या को और बढ़ा दिया है। कल पीडब्ल्यूडी जेई सतपाल सिंह के स्थान पर ईश्वर सिंह जोशी, नगर पालिका ईओ प्रतिभा कोहली ने स्थल निरीक्षण किया। नगर पालिका के कर्मचारी लगातार नाले साफ करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उनके सामने सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए गए नालों से पानी की निकासी का कोई ठोस प्रावधान नहीं लगाते हुए कहा कि "पीडब्ल्यूडी सबसे भ्रष्ट विभाग है। जिलाधिकारी, एसडीएम, जेई ख सभी को मैं लगातार आंखों पर पट्टी बांध रखी है।"रस्तोगी ने सवाल उठाया कि पीडब्ल्यूडी (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) में यह बताए कि पानी



किया गया है। वार्ड के सभासद रवि रस्तोगी ने पीडब्ल्यूडी पर गंभीर आरोप फोन कर रहा हूं, वीडियो भेज रहा हूं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। सबने की निकासी की व्यवस्था कहां की है। उनका कहना है कि जेई सतपाल सिंह जनप्रतिनिधियों की राय को नजरअंदाज करते हुए मनमर्जी से काम कर रहे हैं, जो शहर को डुबाने का काम है। सभासद के अनुसार, लाइब्रेरी के पास खोदे गए नाले को पीडब्ल्यूडी ने नहर में जोड़ा, लेकिन हालात यह हो गए कि नहर ओवरफ्लो होकर पानी उल्टा सड़कों पर वापस आ गया। जेल कैंप रोड के नाले को खटीमा रोड के बड़े नाले से जोड़ा जाना चाहिए था ताकि पानी सही से निकल सके, लेकिन किसी भी नए नाले को पुराने मुख्य नालों से कनेक्ट नहीं किया गया है।रस्तोगी ने आरोप लगाया कि नाला निर्माण का कार्य जिस ठेकेदार को दिया गया है, वह मानकों के विपरीत काम कर रहा है। करीब 20-25 दिन से कार्य पूरी तरह बंद पड़ा है, और जब काम शुरू होता है तो मात्र 3-4 मजदूरों के सहारे। जिस काम को दो माह में पूरा होना था, उसे एक साल होने को है, फिर भी अधूरा है सभासद ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द जलनिकासी की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे और वार्डवासी इसी गंदे पानी में बैठकर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करेंगे और पानी की निकासी होने तक नहीं हटेंगे। आज वार्ड के लोगों के साथ सभासद रवि रस्तोगी गंदे पानी में खड़े होकर पीडब्ल्यूडी के खिलाफ प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि यह सिर्फ बारिश का पानी नहीं है, बल्कि यह भ्रष्टाचार और लापरवाही का पानी है जो जनता के जीवन को नारकीय बना रहा है। इस मौके पर अनिल रस्तोगी, जितेंद्र सैनी, सतवीर सिंह नीनू, मनोज, कमल चंद्र, तस्लीम अंसारी, मंजू कुमार आदि मौजूद थे।

# महिलाएं ही आर्थिक व सामाजिक क्रान्ति की सबसे बड़ी संवाहक

## लखपति दीदी से करोड़पति दीदी के विजन के साथ मिशन मोड पर करना होगा काम : धामी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के सभी सरकारी कार्यक्रमों व समारोहों में केवल महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए स्मृति चिन्ह, शॉल व भेंट आदि ही उपयोग में लाने के शासनादेश को जारी करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी सभी महिलाओं को ग्रोथ सेन्टर में प्रशिक्षण दिलवाने, महिला स्वयं सहायता समूहो द्वारा तैयार उत्पादों को राज्य के अम्ब्रैला ब्राण्ड हॉउस ऑफ हिमालयाज से जोड़ने, सेल्फ हेल्प ग्रुप द्वारा बनाए गए उत्पादों की क्वालिटी कण्ट्रोल पर विशेष ध्यान देने तथा उत्पादों की बेहतरीन पैंकेजिंग व मार्केटिंग को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शासन-प्रशासन को राज्य की महिलाओं को लखपति दीदी से करोड़पति दीदी बनाने के विजन के साथ मिशन मोड पर कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के बाद उत्तराखंड में दूसरी औद्योगिक क्रांति आई है जिसका लाभ महिला स्वयं सहायता समूह को भी उठाना चाहिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय से राज्य के विभिन्न विकास खण्डों में महिला स्वयं सहायता समूहों से वर्चुअल संवाद किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने प्रत्येक जनपद की विभिन्न विकासखण्डों के बहुत से महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं से संवाद करते हुए उनके स्वयं सहायता समूहों द्वारा कौन-कौन से उत्पाद बनाए जा रहे हैं, स्वयं सहायता समूहों को कितना लाभ हो रहा है, हर स्वयं सहायता समूहों से कितनी महिलाएं जुड़ी हैं, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने के बाद महिलाओं की आय में कितनी वृद्धि हुई, समूहों में कार्य करने से महिलाओं को क्या लाभ हुआ, महिलाओं द्वारा बनाएं गए उत्पादों की आपूर्ति की क्या स्थिति है, जैसी विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महिला स्वयं सहायता समूहों से उनके उत्पादों की बिक्री हेतु डिजिटल प्लेटफ्रॉम के उपयोग पर भी चर्चा की। उन्होंने जिलाधिकारियों को इस सम्बन्ध में महिला स्वयं सहायता समूहों से सहयोग व सहायता करने के



निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में महिलाएं ही आर्थिक व सामाजिक क्रान्ति की सबसे बड़ी संवाहक हैं। मुख्यमंत्री श्री धामी ने महिला स्वयं सहायता समूहों से एसएचजी के और अधिक विस्तार व महिलाओं को स्वरोजगार में प्रोत्साहन के सम्बन्ध में सरकार को सुझाव देने हेतु भी आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महिला स्वयं सहायता समूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और सहयोग से हमारी राज्य सरकार भी मातृशक्ति के कल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। हमारी सरकार ने उत्तराखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रदेश की महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें संगठित करने का काम किया है, ताकि उनके जीवन में आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और गरिमा का नया अध्याय जुड़ सके। आज राज्य में 68 हजार स्वयं सहायता समूह बनाकर लगभग 5 लाख महिलाएँ संगठित होकर अपना व्यवसाय कर रही हैं। आज 7 हजार से अधिक ग्राम्य संगठन और 500 से अधिक क्लस्टर संगठनों के माध्यम से राज्य की महिलाएं सामूहिक नेतृत्व की एक अद्वितीय मिसाल पेश कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने वर्ष 2023 में रक्षाबंधन के पर्व पर स्वयं सहायता समूहों की हमारी बहनों द्वारा निर्मित उत्पादों को व्यापक पहचान दिलाने के उद्देश्य से "मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना" प्रारंभ की थी। जिसके माध्यम से हमारी बहनों ने विभिन्न आयोजनों में 27 हजार से अधिक स्टॉल लगाकर 7 करोड़ रुपये से अधिक के उत्पादों की बिक्री करने में सफलता प्राप्त की। इन उत्पादों के प्रभावी विपणन हेतु 13 जनपदों में 33 नैनो पैकेजिंग यूनिट्स, 17 सरस सेंटर, 3 राज्य स्तरीय विपणन केंद्र तथा 8 बेकरी यूनिट्स का भी संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही, चारधाम यात्रा मार्गों पर भी सैंकड़ों अस्थायी आउटलेट्स के माध्यम से महिला समूहों के उत्पादों की बिक्री की जा रही हैद्य इसके अतिरिक्त, केंद्र सरकार की श्वन स्टेशन, वन प्रोडक्टश् योजना के अंतर्गत देहरादून और हरिद्वार रेलवे स्टेशनों पर महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री हेतु विशेष केंद्र स्थापित किए गए हैं। हमारी सरकार द्वारा जहां एक ओर हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड के माध्यम से हमारे पारम्परिक उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान दिलाने का काम भी किया जा रहा हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की हमारी सभी माताओं और बहनों को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि आपका ये भाई, आपका ये बेटा, आपके अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए पूरी शक्ति, निष्ठा और समर्पण के साथ निरंतर कार्य करता रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी से ये आग्रह भी करना चाहता हूं, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देशवासियों से ये आह्वान किया कि वे स्वदेशी उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग करें, जिससे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हमारा संकल्प और भी सशक्त हो सके। बैठक में प्रमुख सचिव श्री आर के सुधांशु, अपर सचिव सुश्री झरना कमठान एवं वर्चुअल माध्यम से सभी जिलों के जिलाधिकारी एवं 95 विकासखण्डों से विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूह उपस्थित थे।

# सीएम ने स्वयं सहायता समूहों के स्टॉलों का किया अवलोकन







देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय परिसर में मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना अन्तर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम का समस्त 95 विकासखंडों में शुभारम्भ एवं महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा रक्षाबन्धन पर्व हेतु लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री धामी को विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी बहनों ने राखी बाँधी। मुख्यमंत्री ने उपस्थित महिला स्वयं सहायता समूहों को रक्षाबंधन की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनायें दी। मुख्यमंत्री ने महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्वरोजगार, महिला स्वावलंबन, स्थानीय उत्पादों व हस्तशिल्प में किये जा कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि राज्य की महिलाओं ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर यह सिद्ध कर दिया है, कि यदि मातृशक्ति को अवसर, संसाधन और सहयोग मिले तो वो न केवल स्वयं को सशक्त बना सकती है, बल्कि अपने परिवार, समाज और प्रदेश के विकास में भी अहम भूमिका निभा सकती है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आप सभी ने जो आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम की है, वो उत्तराखंड की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा देने का माध्यम बन रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश की 1 लाख 63 हजार से अधिक बहनों ने लखपति दीदी बनकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक नया इतिहास रचा है। हमारी सरकार ने मातृशक्ति द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और बिक्री के लिए भी एक सशक्त इकोसिस्टम विकसित किया है, जिसके अंतर्गत जहां एक ओर महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रोसेसिंग एवं मार्केटिंग हेतु 49 ग्रोथ सेन्टरों की स्थापना की गई है। इस अवसर पर विधायक श्री मुन्ना सिंह चौहान, ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारी एवं विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी उद्यमी महिलाये उपस्थित थी।






# ड्रेनेज सुधार के कार्यों का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

नैनीताल (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना द्वारा रूसी बाईपास पर भूस्खलन की समस्या के समाधान हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे ड्रेनेज सुधार के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता लोनिवि को निर्देश दिए कि रूसी बाईपास पर स्थित कलबर्ट एवं जल निकासी हेतु बनायी जा रही नालियों में गुणवत्ता एव पिदर्पीपदह पर विशेष ध्यान रखा जाय। वह स्वयं भी समय समय पर किए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी करें, ताकि गुणवत्ता बनी रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि खराब गुणवत्ता पाए जाने पर सम्बंधित अधिकारी के साथ ही सम्बन्धित ठेकेदार की भी जिम्मेदारी तय की जाय। निरिक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा रोड साइड फर्नीचर एवं सड़क किनारे वाहनों की पार्किंग हेतु विधिवत मार्किंग एवं शैड बनाये जाने हेतु भी अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिए। निरिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला पंचायत को रूसी बायपास से नैनीताल तक ई-कार्ट/ ई-वाहन शटल सेवा के रूप में उपयोग किये जाने हेतु नियमानुसार अभी से टैण्डर जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया, इस रूट पर परिवहन विभाग के सहयोग से जिला पंचायत द्वारा इस बार इलेक्ट्रिक वाहन के माध्यम से भी शटल सेवा का संचालन किया जाए, शटल सेवा से होने वाली आय का प्रयोग जिला पंचायत रूसी बायपास पर पार्किंग सुविधा के रखरखाव में करेगी । जिलाधिकारी ने कहा कि यह व्यवस्था वर्तमान में संचालित मैक्स शटल सेवा के साथ साथ यात्रियों को एक बेहतर विकल्प के तौर पर नई सुविधा प्रदान करना भीड्रेनेज सुधार के कार्यों का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण है। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने तल्लीताल डाट पर सड़क चौड़ीकरण के कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिशासी अभियन्ता लोनिवि को शेष कार्य यथासमय पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यह कार्य क्षेत्रीय जनता एवं पर्यटकों के सुगम आवागन हेतु किये जा रहे हैं, इन निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी नैनीताल, नवाजिश खलीक, अधिशासी अभियन्ता, लोनिवि (प्रा.ख.) रत्नेश सक्सेना, अपर मुख्य, अधिकारी जिला पंचायत महेश बिश्नोई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नकल गिरोह का खुलासा, सरगना सहित नौ गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसओजी व पुलिस टीम ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए युवाओं का भविष्य खराब करने वाले नकल गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के सरगना सहित नौ लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लैपटॉप आदि सामान बरामद किया है। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन नकल विरोधी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन तथा नकल मुक्त परीक्षाओं के आयोजन के उद्देश्य से उनके द्वारा सभी अधीनस्थों को जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में समय समय पर आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगी आनलाईन परीक्षाओं में नकल की रोकथाम व नकेल लगाने के सख्त दिशा निर्देश दिये गये हैं। जिसके क्रम में हल्द्वानी शहर में नकल करवाने वाले 01 गैंग के सक्रिय होने का इनपुट मिलने पर प्रकाश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक नगर व नितिन लोहनी, क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण तथा राजेश कुमार यादव, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा टीपीनगर क्षेत्र में स्थित होटल जलविक के कमरा न० 103 से 9 अभियुक्तों को नकल के उपकरणों सहित गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता सुनील कुमार पुत्र बलबीर सिंह निवासी ग्राम बामनोली थाना दोघट जिला बागपत उत्तर प्रदेश गैंग लीडर, परविंदर कुमार पुत्र कालूराम ग्राम लोहारी थाना बडौत जिला बागपत हाल निवासी कुन्जुवाला चौक शिव मंदिर कॉलोनी देहरादून गैंग लीडर, रमाकांत शर्मा उर्फ राहुल पुत्र सुरेंद्र कुमार शर्मा ग्राम कोतवाली थाना अहमदगढ़ जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश, अभिषेक कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी ग्राम बढार पोस्ट शहादाबाद थाना शहादाबाद जिला हाथरस उ०प्र०, विशाल गिरी पुत्र सतीश गिरी निवासी ग्राम कूठखास थाना रोटा रोड मेरठ हाल पता ग्राम बेगमपुर खेतडी थाना बहादराबाद जिला हरिद्वार,आफताब खान पुत्र याकूत अली निवासी ग्राम कल्याणपुर पोस्ट तोडा थाना रतनपुरी जिला मुजफ्फरनगर, अरुण कुमार पुत्र राजकुमार निवासी तुल्हेडी थाना मीरापुर जिला मुजफ्फरनगर, शिव सिह पुत्र रघुवीर सिंह निवासी ग्राम बढार थाना शहादाबाद जिला हाथरस उत्तर प्रदेश तथा जसवीर सिंह पुत्र जोगीराम निवासी ग्राम अस्थल बोहर थाना अर्बन स्टेट जिला रोहतक मूल ग्राम मुहाना थाना जिला जींद हरियाणा बताया। उन्होंने बताया कि सभी अभियुक्त एक दूसरे को काफी लम्बे समय से जानते हैं, सभी पर थोड़े-थोड़े कर्जे है तो अभियुक्तों ने प्लान बनाया कि हम लोग मिलकर कम्प्यूटर लाईब्रेरी किसी से लीज पर ले लेते हैं और मौका देखकर उसमें आयोजित होने वाली भिन्न-भिन्न ऑनलाईन परीक्षा के दौरान प्रतियोगी बच्चों से 4- 4 लाख रुपये में भर्ती कराने का लालच देकर अपनी लाईब्रेरी में एक कम्प्यूटर या लैपटॉप अपनी टीम के आईटी वाले लड़के से परीक्षा के दौरान कनेक्ट करवाकर कुछ सॉल्वर लड़के बैठाकर एनीडेस्क वा एमी एडमिन रिमोट डेस्कटॉप एप के माध्यम से नकल करवाकर उन लड़कों को पास करा देंगे और पैसे आपस में बांट लेंगे। इसी योजना के अनुसार अभियुक्त परविन्दर और सुनील ने दिसम्बर 2024 में हल्द्वानी मानपुर पश्चिम में स्थित ज्ञानकोश डिजिटल लाईब्रेरी दीपक कनौजी निवासी देहरादून से लीज पर ली थी। जिसका एग्रीमेन्ट उन्होंने देहरादून से कराया था। अभियुकों द्वारा 6 अगस्त 2025 से आयोजित होने वाली एसएससी की परीक्षा में अभ्यर्थियो को नकल कराकर पैसा कमाने की योजना बनायी जा रही थी। तलाशी लेने पर उनके पास से तीन अदद लैपटॉप 1 चार्जर, 1 अदद बाईफाई डोंगल, 11 अदद मोबाइल फोन बरामद हुए। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त सुनील के विरुद्ध मुजफ्फर नगर में, परविन्दर एवं जसवीर के विरुद्ध मेरठ में आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक राजेश कुमार यादव, वरिष्ठ उप निरीक्षक महेन्द्र प्रसाद, उप निरीक्षक संजीत राठौड़ प्रभारी एसओजी,उप निरीक्षक प्रेम राम विश्वकर्मा, उप निरीक्षक गौरव जोशी,उप निरीक्षक फिरोज आलम,हेड कांस्टेबल मनोज टम्टा, हेड कांस्टेबल इसरार नवी, कांस्टेबल ललित मेहरा, अनिल टम्टा, अमर सिंह, सुभाष राणा, भूपेन्द्र ज्येष्ठा, कुन्दन सिंहधीरेन्द्र अधिकारी,अरविन्द राणा, सतोष विष्ट व अरुण राठौर शामिल थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम को 2,500 रुपए की धनराशि से पुरस्कृत करने की घोषणा की गयी है।






# पंतनगर एयरपोर्ट की सुरक्षा को लेकर सांसद भट्ट ने डीजीपी को लिखा पत्र

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने पंतनगर एयरपोर्ट की सुरक्षा हेतु पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखा है। श्री भट्ट ने पत्र में लिखा है कि मेरे संज्ञान में आया है कि पंतनगर एयरपोर्ट, का नवंबर 2026 तक आरसीएस उड़ान योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार का एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इण्डिया के साथ अनुबंध हुआ है। वर्तमान में यहा पर अंतर्राष्ट्रीय मानकों के आधार पर एयरपोर्ट बनना प्रारम्भ हुआ है, अभी उसके बाउण्ड्री वॉल तथा इत्यादि कार्य प्रारम्भ हो गया है। हमारी सरकार ने लगभग 800 एकड़ भूमि दे दी है, जिसका पजेशन भी



एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इण्डिया को हो चुका है, परन्तु यहां पर जो सुरक्षा के अन्तर्गत सिपाही/अधिकारी होने चाहिए थे, वह अपेक्षाकृत बहुत कम है। वर्तमान में स्वीकृत 75 पद के सापेक्ष मात्र 21 पद ही भरे है। श्री भट्ट ने पत्र में लिखा है कि यह भी संज्ञान में आया है कि पैरीमीटर वॉच टॉवर एवं एयरपोर्ट सुरक्षा दीवार पर सुरक्षा देने वाला कोई भी सुरक्षा कर्मी उपलब्ध नहीं है, जबकि वहां पर 24 घण्टे सुरक्षा होना अति आवश्यक है। पंतनगर एयरपोर्ट, आरसीएस के तहत होने के कारण सीआईएसएफ अभी नवंबर 2026 तक नहीं आ सकती है, क्योंकि उत्तराखण्ड सरकार का एग्रीमेन्ट (इकरारनामा) नवंबर, 2026 तक है, इसलिए यहां पर स्वीकृत 75 पदों में से शेष रिक्त पदों का बढ़ाया जाना सुरक्षा की दृष्टि से अति आवश्यक है। श्री भट्ट ने कहा है कि हवाई यात्रियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जनहित में स्वीकृत पदों के अनुसार सुरक्षा कर्मी लगाया जाना बेहद आवश्यक है।

# पंतनगर में 10 से 13 अक्टूबर तक होगा किसान मेला

पंतनगर (उद संवाददाता)। विश्व विद्यालय में किसान मेला सलाहकार समिति की बैठक कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 118वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन 10 से 13 अक्टूबर 2025 को विश्वविद्यालय में किया जायेगा। किसान मेले की थीम 'स्मार्ट कृषि एवं डिजिटल क्रांति द्वारा समृद्ध किसान' होगी। समिति के सदस्य सचिव एवं निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा द्वारा बैठक का संचालन किया गया। बैठक में किसान मेला के सलाहकार समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। बैठक में किसान मेले से संबंधित कई बिन्दुओं जैसे किसान मेले में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हेतु समितियों का निर्धारण, मेले में किसान गोष्ठी के दौरान दिये जाने वाले वैज्ञानिकों के व्याख्यान, विभिन्न शोध केन्द्रों पर किसानों का भ्रमण, प्रगतिशील कृषकों को सम्मान, स्टाल धारकों को पुरस्कार वितरण, मेले के सफल आयोजन हेतु प्रस्तावित बजट इत्यादि पर चर्चा की गयी। कुलपति द्वारा मेले में प्रगतिशील कृषक को आमंत्रित करने के लिए कहा गया ताकि उनके अनुभवों का लाभ मेले में आने वाले कृषकों को प्राप्त हो सके। बैठक में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशकगण, संयुक्त निदेशक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव दिये।



# विवाहिता की संदिग्ध मौत,योग सेंटर संचालकों पर लगाया हत्या का आरोप

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना से जूझती एक महिला की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतका की मां ने ससुराल पक्ष सहित योगा सेंटर के संचालकों पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए हत्या की आशंका जताई है। पीड़िता की मौत के बाद पहाड़ी आर्मी संगठन ने कोतवाली में धरना शुरू कर दिया है और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए हैं। मामले में मुखानी थाना पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, दीपा मेर पत्नी प्रेम सिंह मेर, निवासी हल्दुचौड़ तुलारामपुर थाना लालकुआं ने बताया कि उनकी पुत्री ज्योति मेर का विवाह फरवरी 2018 में कमल सबलानी पुत्र अशोक सकलानी निवासी जोधपुर (राजस्थान) से हुआ था। वर्तमान में ज्योति हल्द्वानी के छोटी मुखानी स्थित जे.के.पुरम में किराये पर रह रही थी। वह के.वी.एम स्कूल के पास एक योगा एंड फिटनेस सेंटर में महिला योगा ट्रेनर के तौर पर कार्यरत थी। दीपा मेर का आरोप है कि योगा सेंटर के मालिक और उनके छोटे भाई द्वारा उनकी बेटी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। ज्योति ने यह बात अपनी भाभी तन्नु मेर को फोन पर बताई थी और कहा था कि वह डर के कारण जल्द ही नौकरी छोड़ने वाली है। बताया कि 31 जुलाई की सुबह 6 बजे ज्योति की सहकर्मी और मित्र निशा जोशी ने तन्नु मेर को फोन कर सूचना दी कि ज्योति बेहोशी की हालत में जमीन पर पड़ी है। जब दीपा मेर, तन्नु मेर और हेमु मेर मौके पर पहुंचे तो देखा कि ज्योति की सांसें नहीं चल रही थीं। उनके अनुसार, मृतका के सिर के पीछे सूजन थी और गले व हाथों पर चोट के निशान मौजूद थे। दीपा मेर का कहना है कि योगा सेंटर के दोनों भाइयों ने मिलकर उनकी बेटी की हत्या की है। उन्होंने पुलिस से एफआईआर दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, घटना के विरोध में पहाड़ी आर्मी संगठन ने कोतवाली में धरना शुरू कर दिया है और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर रहा है।कोतवाल ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है, लेकिन संगठन के कार्यकर्ता अपनी मांग पर डटे हुए हैं। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।



# आंवलेश्वर महादेव मंदिर में रूद्राभिषेक व भंडारा आयोजित

हल्द्वानी ।श्रावण मास के अंतिम सोमवार को श्री आंवलेश्वर महादेव मंदिर में प्रात:काल रूद्राभिषेक के साथ शिव पूजन और सवा लाख बत्तियों से महानीराजन हुआइस मौके पर मंदिर में पंडित गोपल दत्त भट्ट, प्रमोद भट्ट, दीप चन्द्र भट्ट, आदि



ने पूजन किया और आचार्य ललित पाण्डे,दीपक मिश्रा, आचार्य मनोज पाण्डे, दीपचन्द्र ने पूजन करवाया। तत्पश्चात दोपहर में मंदिर में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों कही संख्या में शिव भक्तों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया।

# हरेला पर्व पर वन विभाग ने किया पौध वितरण

रामनगर(उद संवाददाता)। हरेला पर्व के अवसर पर वन विभाग द्वारा प्रदेशभर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौध वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को रामनगर वन प्रभाग की कोसी रेंज की ओर से भवानीगंज स्थित आदर्श रामलीला समिति परिसर में पौध वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे डिप्टी रेंजर इंद्र लाल ने समिति पदाधिकारियों को पौधे वितरित किए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। इस दौरान वन विभाग की टीम ने लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए हरेला पर्व की महत्ता बताई। डिप्टी रेंजर इंद्र लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कोसी रेंज को 2000 पौधों का वितरण लक्ष्य निधारित किया गया है। उन्होंने बताया कि रेंज के अंतर्गत विभिन्न इलाकों में वन कर्मियों द्वारा पौधों का वितरण किया जा रहा है और अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए पर्यावरण में सहयोग करें।



# मंदिरों में श्रद्धालुओं को वितरित किये तुलसी के पौधे

रूद्रपुर ।सावन के आखिरी सोमवार को उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष, और घर-घर तुलसी अभियान की संयोजिका श्रीमती मीना शर्मा ने शहर के विभिन्न मंदिरों में जाकर महिलाओं को तुलसी के पौधे वितरित किए । इससे पूर्व श्रीमती शर्मा सुबह किच्छा रोड स्थित श्री दूधिया मंदिर पहुंची, जहां उन्होंने श्री श्री 1008 श्री शिवानंद महाराज की अध्यक्षता में सैकड़ो महिलाओं को घर-घर तुलसी अभियान के अंतर्गत तुलसी के पौधों का वितरण किया। इससे पूर्व श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने मंदिर में पूजा अर्चना की, और शिवलिंग पर जलाभिषेक किया, तत्पश्चात उन्होंने सैकड़ो महिलाओं को तुलसी के पौधों का वितरण करते हुए कहा कि सावन माह में घर-घर तुलसी लगाना बहुत ही शुभदायक है, उन्होंने कहा कि वह पिछले कई वर्षो से सावन माह में प्रतिवर्ष 5000 तुलसी के पौधों का वितरण करती है,इस वर्ष भी उन्होंने यह अभियान चलाकर 5000 तुलसी के पौधों का वितरण किया है । इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी ।



उत्तरांचल दर्पण

# सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## महिला सांसद की चेन स्नेचिंग

दिल्ली की कानून व्यवस्था पर इससे बड़ा सवालिया निशान क्या होगा कि अति विशिष्ट इलाके में झपटमार एक महिला सांसद की चेन छीन कर भाग जाएं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आम आदमी किस कदर असुरक्षित माहौल में रहने पर मजबूर है। सुरक्षा चाक-चौबंद होने के तमाम दावों के बावजूद दिल्ली में जिस तरह से पिछले कुछ वर्षों में झपटमारी, लूटपाट और हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं, उससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठे हैं। यह हाल तब है जब दिल्ली में दो-दो सरकारें हैं और पुलिस सीधे केंद्र के नियंत्रण में है। ताज्जुब है कि अपराधि यों पर नजर रखने के लिए अत्याधुनिक तकनीकी संसाधन होने पर भी अपराध ों पर काबू नहीं पाया जा सका है। अगर दिल्ली पुलिस में पर्याप्त बल की अब भी कमी है, तो इसे पूरा करने की जिम्मेदारी किसकी है? गौरतलब है कि दिल्ली के चाणक्यपुरी जैसे अति विशिष्ट इलाके में सोमवार की सुबह सैर के लिए निकलीं तमिलनाडु की लोकसभा सांसद आर सुधा सरेआम झपटमारी की शिकार हो गईं। पोलैंड दूतावास के पास से गुजरते समय झपटमार उनसे सोने की चेन छीन कर भाग गया। छीना-झपटी के क्रम में उनके गले में चोट भी आई। दिल्ली के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में यह चौंका देने वाली घटना तो है ही, इससे पुलिस की कार्यशैली और उसके प्रभाव पर भी गंभीर सवाल उठते हैं। खासतौर पर ऐसे समय में, जब संसद सत्र चल रहा हो और इस दौरान दिल्ली के केंद्रीय हिस्से में सुरक्षा व्यवस्था सख्त मानी जाती है। मगर इस घटना के बाद यह कहा जा सकता है कि आम आपराधिक घटनाओं के समांतर दिल्ली में बहुस्तरीय सुरक्षा इंतजामों के घेरे वाले इलाके में भी अगर महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, तो देश के बाकी हिस्सों में क्या उम्मीद की जा सकती है? स्वाभाविक है कि इस घटना को गंभीरता से लेते हुए त्वरित जांच की उम्मीद की जानी चाहिए, लेकिन सवाल है कि कई दूतावासों वाले इलाके में भी पर्याप्त पुलिस बल की ऐसी मौजूदगी क्यों नहीं थी कि असामाजिक तत्त्वों से निपटा जा सके? अगर अति विशिष्ट क्षेत्र में अपराधी अपने मंसूबे में कामयाब हो रहे हैं, तो दिल्ली के दूसरे इलाकों में सड़कों पर आम आदमी की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है

## जिला पंचायत अध्यक्ष पद के अनंतिम आरक्षण पर शासन को 42 आपत्तियां मिली

देहरादून। प्रदेश की जिला पंचायतों में (हरिद्वार को छोड़कर) अध्यक्ष पद के लिए अनंतिम आरक्षण पर शासन को 42 आपत्तियां मिली हैं। इसमें सबसे अधिक 16 आपत्तियां देहरादून जिले से है। शासन की ओर से गठित समिति आज इनका निस्तारण करेगी। जबकि छह अगस्त को आरक्षण का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

## स्कूल छोड़ती बेटियाँ: संसाधनों की कमी या सामाजिक चूक?

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट ने चौंकाने वाला सच उजागर किया है कि 15 से 18 वर्ष की उम्र की लगभग 39.4% लड़कियाँ स्कूल से बाहर हो चुकी हैं। शिक्षा के इस मौन पलायन के पीछे स्कूलों की दूरी, परिवहन की अनुपलब्धता, शौचालयों की कमी और सुरक्षा को लेकर भय जैसे कारण हैं। यह स्थिति केवल एक व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता की कमजोरी को भी दर्शाती है। यह लेख सवाल करता है कि क्या हम सच में बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं या सिर्फ नारे गढ़कर आत्मतुष्टि पा रहे हैं? बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा हर गली-चौराहे, सरकारी इमारतों और बैनरों पर चमकता है, लेकिन यह नारा उन गाँवों और बस्तियों तक नहीं पहुँच पाता जहाँ बेटियाँ रोज स्कूल छोड़ रही हैं। हालिया रिपोर्ट से पता चला है कि 15 से 18 वर्ष की आयु वर्ग की 39.4% लड़कियाँ स्कूल से बाहर हैं। यह आंकड़ा केवल संख्या नहीं, यह हमारे सामाजिक ढांचे पर एक कठोर टिप्पणी है। घर से स्कूल की दूरी, सुरक्षित परिवहन की कमी, उच्च माध्यमिक विद्यालयों का अभाव, शौचालयों की स्थिति और सामाजिक असुरक्षा ख्र ये सारी बातें किसी शोधपत्र की विषयवस्तु नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत हैं जिनसे रोज हजारों बच्चियाँ जूझ रही हैं। और अंततः उन्हें शिक्षा से हाथ धोना पड़ता है। सरकारी आंकड़े भले ही बढ़े हुए नामांकन दिखाते हों, लेकिन हकीकत यह है कि नामांकन के बाद लड़कियाँ स्कूल तक टिक नहीं पातीं। एक आम ग्रामीण परिदृश्य को देखें। पाँचवीं तक की स्कूल तो आसपास है, लेकिन आठवीं के बाद विद्यालय दूर है। परिवहन की कोई सुविधा नहीं। न बस, न साइकिल, न ही कोई महिला सहकर्मी या मार्गदर्शक। माता-पिता अपनी बेटी को पाँच किलोमीटर दूर अकेले भेजने से डरते हैं। उन्हें चिंता होती है कि रास्ते में कोई छेड़छाड़ न हो, कोई हादसा न हो। उस चिंता में स्कूल जाना बंद हो जाता है। शौचालयों की बात करें तो यह सिर्फ सुविधा नहीं, आत्मसम्मान और स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा है। किशोरावस्था में लड़कियाँ उन परिवर्तनों से गुजरती हैं, जहाँ एक स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय उनकी शिक्षा की निरंतरता तय कर सकता है। लेकिन अधिकांश सरकारी स्कूलों में या तो शौचालय हैं ही नहीं, या हैं तो गंदे, असुरक्षित, या क्षतिग्रस्त। माता-पिता के लिए यह एक और कारण बन जाता है अपनी बेटियों को स्कूल से हटाने का। सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा है। जिन स्कूलों में कोई महिला शिक्षक नहीं होतीं, कोई सीसीटीवी कैमरा या गार्ड नहीं होता, वहाँ किशोर लड़कियों को भेजना आज भी माता-पिता के लिए जोखिम उठाने जैसा है। यह डर केवल अव्यवस्था से नहीं, समाज की असंवेदनशीलता से भी उपजा है। आए दिन होने वाली घटनाएं, समाचारों में आती छेड़छाड़ की खबरें इस भय को और गहरा करती हैं। इन सबके अलावा शिक्षा को लेकर समाज की प्राथमिकताएँ भी स्पष्ट नहीं हैं। एक लड़का पढ़े तो 'परिवार का भविष्य' बनता है, लेकिन लड़की पढ़े तो 'शादी की उम्र निकलने का डर' पैदा होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह मानसिकता अब भी गहराई से मौजूद है। लड़कियों की शिक्षा को 'लाभ' से ज्यादा 'खर्च' माना जाता है। अब यदि इन परिस्थितियों में एक बेटी स्कूल छोड़ दे, तो क्या इसमें उसकी गलती है? या यह एक सामूहिक चूक है ख्र व्यवस्था की, समाज की, और हमारी? इस स्थिति का समाधान केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, ठोस क्रियान्वयन से होगा। सबसे पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि हर गाँव से तीन किलोमीटर के दायरे में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हो। यह बुनियादी शैक्षिक ढांचा हर बच्चे का अधिकार है। परिवहन की सुविधा उतनी ही जरूरी है जितनी शिक्षक की उपस्थिति। यदि बच्चियाँ स्कूल नहीं पहुँच पाएंगी तो पढ़ेंगी कैसे? सरकार को स्कूल वैन, छात्रा साइकिल योजना या सार्वजनिक परिवहन में 'स्कूल पास' जैसे विकल्प सुनिश्चित करने होंगे। हर स्कूल में स्वच्छ और उपयोगी शौचालयों की अनिवार्यता केवल 'स्वच्छ भारत मिशन' का हिस्सा नहीं, बल्कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के सच्चे मर्म का आधार होना चाहिए। महिला कर्मचारियों की नियुक्ति, नियमित निरीक्षण और साफ-सफाई के लिए स्थानीय प्रशासन को उत्तरदायी बनाया जाए। सुरक्षा के लिए प्रत्येक स्कूल में महिला शिक्षकों की उपस्थिति बढ़ाई जाए। सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी कैमरा और स्कूल परिसर में अभिभावकों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाए। यह कदम न केवल बेटियों को सुरक्षा का भरोसा देगा, बल्कि अभिभावकों को मानसिक शांति भी। इसके साथ ही स्कूलों के भवन और अधोसंरचना को केवल औपचारिकता के लिए नहीं, गुणवत्ता के साथ विकसित किया जाना चाहिए। पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष, विज्ञान प्रयोगशालाएं, खेल का मैदान ख्र ये सब स्कूल के मानक हिस्से होने चाहिए। एक और महत्वपूर्ण बिंदु डिजिटल शिक्षा है। महामारी ने दिखा दिया कि जिनके पास मोबाइल, इंटरनेट और बिजली नहीं, वे पढ़ाई से बाहर हो जाते हैं। ग्रामीण स्कूलों में डिजिटल साक्षरता और उपकरण की उपलब्धता अब विलासिता नहीं, अनिवार्यता है। शिक्षा विभाग को उन लड़कियों की नियमित सूची बनानी चाहिए जो स्कूल छोड़ चुकी हैं। उनके घर जाकर कारण जानना, उन्हें वापस लाने के लिए प्रेरित करना, और माता-पिता को विश्वास में लेना प्रशासन की जिम्मेदारी होनी चाहिए। साथ ही समाज को भी आत्मावलोकन करना होगा। हम अपनी बेटियों को क्यों पढ़ाना चाहते हैं ख्र नौकरी के लिए, शादी के लिए या आत्मनिर्भरता के लिए? जब तक समाज का जवाब अस्पष्ट रहेगा, तब तक समाधान भी अधूरा रहेगा। प्रशासन, समाज और परिवार को मिलकर यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि कोई भी बच्ची शिक्षा से वंचित न हो। इसका अर्थ है केवल विद्यालय खुलवाना नहीं, बल्कि उसमें बेटी के जाने और टिके रहने की पूरी जिम्मेदारी लेना। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अगर केवल बैनर की पंक्ति नहीं रहना है तो इसे पंचायतों, स्कूल समितियों, शिक्षक संगठनों, अभिभावकों और छात्रों के साझा प्रयास में बदलना होगा। तभी एक ऐसा समाज बनेगा, जहाँ कोई भी बेटी पढ़ाई से वंचित नहीं होगी।

**-प्रियंका सौरभ रिसर्च स्कॉलर इन पोलिटिकल साइंस, कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार**

## सरकार सांस्कृतिक मूल्यों और डेमोग्राफी को संरक्षित रखने के लिए है संकल्पबद्ध : धामी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को श्री ब्रह्म निवास आश्रम, सप्तसरोवर रोड, भूपतवाला में 50वाँ निर्वाण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूज्य सतगुरु लाल दास महाराज ने अपने जीवन में आध्यात्मिकता को प्राथमिकता देते हुए समाज को सेवा, सत्य और भक्ति के मार्ग पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने भक्ति को जन जन तक पहुँचाया है। उनकी वाणी में अद्भुत शक्ति थी और दृष्टि में भगवान बुद्ध के समान असीम करुणा थी। पूज्य सतगुरु ने समाज को जोड़ने का काम किया। उन्होंने जीवन भर यही सिखाया कि सेवा सबसे बड़ा धर्म है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सनातन संस्कृति का संपूर्ण विश्व में व्यापक प्रचार प्रसार हो रहा है। दुनिया हमारी प्राचीन संस्कृति और दर्शन से परिचित हो रही है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार देवभूमि की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया राज्य में ऋषिकेश-हरिद्वार कॉरिडोर का निर्माण कराया जाना भी प्रस्तावित है। कॉरिडोर के निर्माण के पश्चात धर्मनगरी हरिद्वार भी काशी और





अयोध्या की भांति अपने भव्य स्वरूप में नजर आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार उत्तराखंड के सांस्कृतिक मूल्यों और डेमोग्राफी को संरक्षित रखने के प्रति पूर्ण रूप से संकल्पबद्ध है। प्रदेश में घृणित मानसिकताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। प्रदेश में सख्त ध र्मांतरण विरोधी कानून भी लागू किया गया है। सभी के लिए समान अधिकार एवं न्याय सुनिश्चित करने के लिए देश में सबसे पहले समान नागरिक संहिता कानून को भी राज्य में लागू किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य में सनातन की आड़ में वेश बदलकर आम लोगों को ठगने वालों के खिलाफ ऑपरेशन कालनेमि चलाया जा रहा है। इस ऑपरेशन के द्वारा ऐसे ढोंगियों और विध र्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, जो वेश बदलकर हमारे सनातन हिंदू धर्म को बदनाम करने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को श्रीमद्भागवत गीता के बारे में भी बताया जाएगा। इसके साथ दून विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर हिन्दू स्टडीज की स्थापना भी की गई है। इस अवसर महंत ललितानंद गिरी महाराज, पंजाब विधानसभा उपाध्यक्ष जय कृष्ण सिंह, हरियाणा के राज्यमंत्री राजेश नागर, स्थानीय विध ायक मदन कौशिक, मेयर रुड़की अनीता देवी, दर्जा राज्यमंत्री शोभाराम प्रजापति, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल, उपाध्यक्ष एचआरडीए अंशुल सिंह, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## उत्तरकाशी में बादल फटने से मची तबाही,कई होटल दुकाने ध्वस्त

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी जनपद के धराली गांव की खीरगंगा में भयंकर बाढ़ आने से कई लोगों के दबने की सूचना है। पानी का सैलाब गांव की तरफ आते ही लोगों में चीख पुकार मच गई। कई होटलों में पानी और मलबा घुस गया है। धराली बाजार पूरी तरह तबाह हो गया है। कई होटल दुकाने ध्वस्त हो चुकी है। आर्मी हर्षिल/पुलिस/एसडीआरएफ टीम भटवाड़ी के लिए रवाना हुई हैं। आज मंगलवार सुबह ही उत्तरकाशी बडकोट तहसील क्षेत्र के बनाल पट्टी में भारी अतिवृष्टि होने से चपेट में आई करीब डेढ़ दर्जन बकरियां कुड गदेरे में बह गई। कुड गदेरा उफान पर आने से अफरातफरी मच गई। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक रोहित थपलियाल ने बताया, प्रदेश भर में 10 अगस्त तक भारी बारिश होने की संभावना है। खासकर पर्वतीय इलाकों में तेज दौर की बारिश के आसार हैं। वहीं, बारिश की वजह से सुरक्षा को देखते हुए देहरादून, पौड़ी, टिहरी और हरिद्वार में मंगलवार को भी स्कूल बंद रहेंगे।



## सीएम धामी ने किया फिल्म बौल्या काका के पोस्टर का विमोचन

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में फिल्म बौल्या काका के पोस्टर का विमोचन किया। इस फिल्म में मुख्य भूमिका में बॉलीवुड अभिनेता हेमंत पाण्डेय नजर आएंगे। फिल्म बौल्या काका की शूटिंग राज्य के खूबसूरत और सुदूर गांवों जैसे ग्वालदाम, थराली, तलवाड़ी में की गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फिल्म की पूरी टीम को फिल्म की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री धामी तथा फिल्म की टीम के मध्य राज्य में फिल्म निर्माण के अवसर, सम्भावनाओं तथा राज्य सरकार द्वारा फिल्म निर्माताओं को दिए जा रहे प्रोत्साहन व इस क्षेत्र में की गई पहल पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने उत्तराखंड नई फिल्म नीति लागू की है। सरकार का मुख्य उद्देश्य राज्य में फिल्म निर्माण को प्रोत्साहित करना, युवाओं को रोजगार के अवसर देना और पर्यटन को नई उड़ान देना है। नई नीति के तहत फिल्मों की शूटिंग के लिए आने वाले निर्माताओं को सब्सिडी, टैक्स में छूट और लॉजिस्टिक सहयोग जैसी कई सुविधाएं दी जा रही हैं। यह न केवल फिल्म उद्योग के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है, बल्कि राज्य के आर्थिक विकास और




ब्रांडिंग का भी सशक्त माध्यम बन रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखण्ड में फिल्मों के निर्माण को अधिकाधिक प्रोत्साहित करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। सरकार प्रदेश में फिल्मों की शूटिंग व टूरिज्म बढ़ाने पर खास ध्यान दे रही है। राज्य सरकार की तरफ से किये गए प्रभावी प्रयासों के सुखद परिणाम भी आने लगे हैं है। प्रतिवर्ष राज्य में अधिक से अधिक संख्या में फिल्मों शूटिंग का नया रिकॉर्ड बन रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड को फिल्ममेकिंग हब बनाने के लिए काम तेजी के साथ जारी है। फिल्म निर्माताओं को अब सरकार की तरफ से राज्य की कम पॉपुलर लोकेशन पर शूटिंग करने के लिए 5 प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन सब्सिडी दी जाती है। उत्तराखंड के स्थानीय कलाकारों को अवसर देने वाली फिल्मों के निर्माताओं को सरकार स्पेशल सब्सिडी दे रही है। इस अवसर पर अपर सचिव बंशीधर तिवारी तथा फिल्म बौल्या काका के निर्माता, निर्देशक व कलाकारोंसहित पूरी टीम भी उपस्थित थी।

# जिलाधिकारी ने जनता दरबार लगाकर सुनी समस्याए

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन सभागार में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन की शिकायतों को एक ही मंच पर सुनकर उनका तत्काल समाधान सुनिश्चित करना रहा। जनता दरबार में कुल 12 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे निधरित समयसीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। प्रमुख शिकायतकर्ताओं में वरिष्ठ पत्रकार और समाजसेवी गोविंद सिंह मेहता नेअपनी ग्राम पंचायत कभड़ा में गांव से गाड़,भिटखोला से घटगाड़ के बमोरखान तोक तक पूर्व में स्वीकृत सड़क में ग्रामीणों में भूमि सम्बन्धी विवाद और सड़क के सर्वे में त्रुटिहोने से सड़क निर्माण कार्य बाधित होने, तथा गाँव के तोकों के लिए सड़क व्यवस्था नही होने से बुजुर्गों, दिव्यांगों और छोटे बच्चों को स्कूल आने जाने में समस्या होने, गांव में सड़क के अभाव में वीमार व्यक्तियों को सड़क मार्ग तक पहुँचाने में भी दिक्कत होने और जल्द सड़क का दोबारा सर्वे करवाकर ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से उचित स्थान से सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग की।जिस पर जिलाधिकारी ने लोनिवि अभियंता को ग्रामीणों के साथ संयुक्त बैठक कर ग्रामीणों को सड़क सुविधा का लाभ दिलाने और पुनः सर्वेक्षण कराने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए। रमेश प्रकाश पर्वतीय ने बीएसएनएल नेटवर्क की खराब सेवा सुनील कुमार टम्टा ने विद्युत आपूर्ति व मोबाइल नेटवर्क में अनियमितता की समस्या रखी।इसके अतिरिक्त ग्राम सभा लीली के ग्रामीणों ने विद्यालयों के चौड़ीकरण से भवन को हुए नुकसान की शिकायत की। वहीं प्रताप सिंह ने नए मोटरमार्ग हेतु प्रार्थना रखी। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए



की समस्या उठाई, जबकि शिवलाल ने सरकारी सब्सिडी न मिलने की शिकायत की।नगर पालिका क्षेत्र में तुलसी देवी ने आवासीय मकान उपलब्ध कराने, और प्रस्तावित विलय का विरोध करते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई। मनोहर सिंह मलडा ने बिजली बिल में त्रुटि, और राधेश्याम तिवारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे समयबद्ध कार्रवाई करें और शिकायतकर्ताओं को समाधान की जानकारी भी दें।जनता दरबार के दौरान जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन पोर्टल एवं ष्हैलो बागेश्वरष पोर्टल पर दर्ज लंबित शिकायतों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे पोर्टल्स पर पंजीकृत समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें और जनविश्वास को बनाए रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे जनसुनवाई की गंभीरता को समझते हुए हर शिकायत पर ठोस और संवेदनशील कार्रवाई करें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी एन एस नबियाल, परियोजना निर्देशक शिल्पी पंत, उपजिलाधिकारी कांडा ललित मोहन तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**दस वर्षीय मासूम...**निष्कर्ष पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सामने आ सकेगा। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। दूसरी ओर, क्षेत्रीय लोगों में घटना को लेकर गहरा आक्रोश है। लोगों ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई कर दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने की मांग की है। फिलहाल पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों से पूछताछ भी की जा रही है।

**कल्याणी नदी किनारे...**भी पूरी तरह से सतर्क बना हुआ है। आपदा की स्थिति में बाढ़ प्रभावित लोगों के ठहरने व खाने की व्यवस्थायें पुख्ता की जा रही हैं। मानसून वर्षा के प्रारम्भ होने से कल्याणी नदी के दोनों ओर रहने वाले परिवारों को भय सताने लगा है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जगतपुरा, रविन्द्र नगर, भूतबंगला, खेड़ा, पहाड़गंज भदईपुरा आदि आवासीय कालोनियों में कल्याणी नदी के मध्य व दोनों ओर सीमांकन क्षेत्र में बसे परिवारों को भवन खाली करने का एक बार फिर से नोटिस थमा दिया गया है। प्रदेश सरकार की सख्ती को देखते हुए सम्भवतया बरसात का मौसम खत्म होते ही ऐसे भवनों पर बुल्डोजर गरजने लगेगा। वर्तमान में कल्याणी नदी में अतिक्रमण कारियों को पहले बाढ़ और फिर उसके बाद उन्हें अपना आशियाना उजड़ जाने का डर सता रहा है।

**स्व. बंटी कोली के ...**अग्रणी रहते थे। उन्होंने कहा एक दुखद हादसे में हमने एक होनहार, ऊर्जावान और समर्पित साथी को खो दिया, लेकिन आज भी उनकी स्मृति हम सबके दिलों में जीवित है। ठुकराल ने आगे कहा कि बंटी कोली की याद में आयोजित यह रक्तदान शिविर समाज के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। रक्तदान एक पुनीत कार्य है और इससे किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है। मैं सभी रक्तदाताओं को इस पुण्य कार्य के लिए साधुवाद देता हूं। कार्यक्रम में महापौर विकास शर्मा ने भी शिविर में पहुंचकर स्व. बंटी कोली को पुष्प अर्पित किए और उन्हें याद करते हुए कहा बंटी कोली का स्वभाव बेहद विनम्र और व्यवहार कुशल था। उन्होंने समाज सेवा के साथ-साथ भाजपा युवा मोर्चा में रहते हुए संगठन को मजबूत करने का कार्य किया। वह युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान को यूं ही महादान नहीं कहा जाता, क्योंकि यह किसी अनजानी जिंदगी को नया जीवन देने का माध्यम बनता है। उन्होंने कहा कि समाज में जब ऐसे आयोजनों के माध्यम से सेवा की प्रेरणा मिलती है, तो यह बंटी कोली जैसे कर्मठ युवाओं को सच्ची श्रद्धांजलि होती है। इस अवसर पर पूर्व मेयर रामपाल सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, संजय ठुकराल, अजय नारायण सिंह, लखवीर सिंह लक्खा, राजवीर सिंह विर्क, सुखवंत सिंह, ललित बिष्ट, आनंद शर्मा, सुनील चुघ, फुदेना साहनी, राजू गुप्ता, अजय यादव, विक्की पाल, शुभम पाल, शुभम कबीर, कमल सैनी, गौरव कुशवाहा, जावेद अख्तर, गुफरान खान, रोहित कोली, नाजिम जैदी, सतीश कोली, आकाश कोली, वीर सिंह कश्यप, अमित कोली, अंकित चंद्रा, सत्ता कोली, आशीष प्रताप शाही, मनोज सिंह पानू, प्रकाश गुप्ता, अनिल खत्री, गौरव खुराना, रामकुमार, सौरभ शर्मा, संदीप संधू, जयंत सिंह, शिव कुमार शिब्बू, अशोक रस्तोगी, महेंद्र राठौर, हरजिंदर सिंह, रामकुमार गुप्ता,सूरज आर्या, ओमपाल कोली, राजू कोली, विकास घई, सूर्या कोली, रमेश यादव, डा. राकेश सिंह, भानुप्रताप कोली, देवेन्द्र सागर, सूरज रोगा, मो. शारिक, बृजेश गुप्ता, विनोद कोली, सुमित कोली, सुनील कोली, राजेश कोली, सचिन पाल, सुरेन्द्र गुप्ता, सुब्रत राय सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे

**धारदार हथियार लेकर...**पी रखी थी और पारिवारिक विवाद के बाद गुस्से में चापड़ लेकर घर से निकल आया था। उसने स्वीकार किया कि वह राह चलते लोगों को चापड़ दिखाकर डराने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से लगभग 9.5 इंच लंबा और नुकीला चापड़ बरामद किया। चापड़ को सील कर जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने टिकेन्द्र सरकार को मौके पर ही गिरफ्तार कर धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

**भाजपा मौर्य पर खेल...**मजबूत सिपाही और मुख्यमंत्री धामी के बेहद नजदीकी अजय मौर्या भी खटीमा विकासखंड के मझोला जिला पंचायत सीट से चुनाव जीतने में कामयाब रहे। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी का एक बड़ा खेमा अजय मौर्या की पैरवी में लग गया। सूत्रों का यहां तक दावा है कि चुनाव का गणित बिगड़ता देख सुरेश गंगवार अब कांग्रेस के बड़े नेताओं के संपर्क में है। यहां बता दें कि सुरेश गंगवार ने सार्वजनिक रूप से अभी कांग्रेस के संपर्क को स्वीकार नहीं किया है। जानकारी मिली है कि जल्द ही भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों ही अपने-अपने उम्मीदवार का फैसला सुना देंगे इसके बाद चुनाव की तस्वीर स्पष्ट हो जाएगा।।

**चुनावी रंजिश में ...**लाकर सूचना दी। सुरेश ने यह भी आरोप लगाया कि हमलावरों ने उसकी गले की सोने की चेन लूट ली और बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी के साथ अश्लील व्यवहार और अभद्रता की गई। घटना की सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान महेंद्र सैनी, पूर्व उप प्रधान सुब्रत, और अमित नारंग थाने पहुंचे और पीड़ित पक्ष के साथ खड़े नजर आए। देर रात तक पीड़ित को रुद्रपुर जिला अस्पताल ले जाकर मेडिकल परीक्षण कराया गया। वहीं, दूसरी ओर विपक्षी पक्ष ने भी थाने में पहुंचकर सुरेश पर मारपीट और महिला से छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। जिससे मामला और उलझ गया है। सूत्रों के अनुसार मंगलवार सुबह तक दोनों पक्षों के बीच अमित नारंग की मध्यस्थता में समझौता कराने की कोशिशें चल रही थीं।

# विद्यालय को अन्यत्र शिफ्ट करने की सुगबुगाहट से ग्रामीण नाराज



बागेश्वर(उद संवाददाता)। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लीली, राजकीय प्राथमिक विद्यालय लीली व खन्यारीन को क्लस्टर पद्धति के आधार पर अन्यत्र शिफ्ट किए जाने की सुगबुगाहट पर लीली के ग्रामीणों ने कड़ी नाराजगी जताई है। ग्रामीणों ने इसके विरोध में जिला मुख्यालय पहुंचकर अपना विरोध जताया और जनता दरबार मे पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए विरोध जताया। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। कहा कि छात्रों का भविष्य अंधकारमय नहीं होने दिया जाएगा।और पूर्व के आधार पर ही विद्यालय में कक्षाओं का संचालन करने को सभी अभिवावक विरोध में एकजुट हो जाएंगे।अपनी एकसूत्रीय मांग को लेकर लीली के ग्रामीण वाहनों में बैठकर लगभग50 किमी दूर जिला मुख्यालय पहुंचे और अपने मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। यहां वक्ताओं ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि सरकार व शिक्षा विभाग उनके गांव के तीन स्कूलों को अन्यत्र शिफ्ट करने जा रही है।इससे उनके सामने बच्चों को पढ़ाने का संकट पैदा हो जाएगा। उनका गांव पहले से ही आपदाग्रस्त है। वह किसी तरह बच्चों को पढ़ा रहे हैं, लेकिन यदि विद्यालय का अन्यत्र विलय हुआ तो बच्चों का स्कूल छह से आठ किमी दूर हो जाएगा। गांव में रह रहे गरीब लोग परेशान हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक तरफ शिक्षा का अधिकार अधिनियम कानून बना रही है वहीं दूसरी ओर उनके बच्चों को पढ़ाई से दूर किया जा रहा है। गांव पहले से पलायन के दंश से जूझ रहा है। यदि स्कूल बंद हुए तो पलायन और बढ़ेगा। इसकी सारी जिम्मेदारी सरकार की होगी। उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जल्द स्कूल को अन्यत्र शिफ्ट करने का निर्णय वापस लेने की मांग की है। मांग नहीं मानी जाने पर ग्रामीणों ने आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस मौके पर राजेन्द्र सिंह, महिपाल सिंह, विनोद हरीश राम, महेश कुमार, योगेश,भूपाल राम, मोहन सिंह, मंजू देवी, अनीता देवी, मुन्नी देवी, मोहिनी देवी आदि मौजूद रहे। **कुंदन को कपकोट भेजे जाने पर भी आपत्ति :** लीली के ग्रामीणों ने राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लीली के चौकीदार कुंदन सिंह को राइंका कपकोट भेजे जाने पर भी आपत्ति जताई है। स्कूल में पहले से ही प्रयोगशाला सहायक व कार्यालय सहायक का पद रिक्त चल रहे हैं। ऐसे में अधिकतर कार्य कुंदन ही करते हैं। विद्यालय की देखभाल व सुरक्षा को देखते हुए उन्हें मूल विद्यालय में भेजने की मांग की है।

# पेंशनरों की समस्याओं के समाधान को लेकर मंथन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑगनाइजेशन की स्टेशन रोड स्थित एक होटल में बैठक हुई।बैठक मेंसंगठन द्वारा अपनी लंबित समस्याओं का समाधान नही होने, सरकार द्वारा पेंशनरों की लंबित मांगो का अब तक निराकरण नही होने पर नाराजगी जताई।बैठक में वरिष्ठ पेंशनर कर्मियों की पेंशन में पांच प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि महंगाई के चलते पेंशनरों की स्थिति खराब हो रही है। उन्होंने गोल्डन कार्ड का लाभ और अन्य भत्ते सहित उचित व्यवस्थाए पेंशनरों को दिए जाने की मांग की।गवर्नमैंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑगनाइजेशन की बैठक में लंबित मांगों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने 65 साल बाद पेंशन में पांच प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करने की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर सँगठन आंदोलित हैं, लेकिन सरकार



पेंशनरों की अनदेखी कर रही है, लेकिन वह भी चुप नहीं रहेंगे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पेंशनरों से उनकी पेंशन से हर महीने राशि काटी जा रही है पर गोल्डन कार्ड का लाभ नहीं मिल रहा है, उन्होंने काटी गई राशि वापस दिलाने और भविष्य में राशि नहीं काटने की मांग की।वक्ताओं ने कहा कि 65 साल से 70 साल की उम्र वालों की पेंशन में पांच प्रतिशत, 70 से 75 दस प्रतिशत तथा 75 से अधिक उम्र वालों के पेंशन में 15 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की मांग की है। महंगाई चरम पर है। यदि उनकी पेंशन में बढ़ोत्तरी नहीं की गई तो वह चुप नहीं बैठेंगे। यहां पहुंचने पर संगठन के लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष बचे सिंह रावत, महामंत्री पान सिंह रौतेला, संरक्षक शेर सिंह धपोला का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। नये पेंशनरों को संगठन से जोड़ा गया। सीनीयर पेंशनरों को भी सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह गड़िया ने संगठन के महत्व के बारे में बताया। संचालन सचिव थान सिंह कनवाल ने किया। इस मौके पर पूरन सिंह दफौटी, नंदन सिंह अल्मियां, श्याम सिंह रावत, केश्वानंद जोशी, मोहन जोशी आदि मौजूद रहे।

# गदरपुर प्रेस क्लब का तीज महोत्सव 10 अगस्त को होगा

गदरपुर(उद संवाददाता)। तीज महोत्सव पर 10 अगस्त सायं काल 6 बजे से दिनेशपुर रोड स्थित मोदी वैन्यू में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन गदरपुर प्रेस क्लब द्वारा किया जायेगा। गदरपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष जय किशन अरोड़ा ने बताया कि हर वर्ष की भांति महिलाओं के सम्मान हेतु तीज महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें उन्हें अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा । महोत्सव में डांस प्रतियोगिता,तीज क्वीन एवं मिस गदरपुर का आयोजन होगा । विजेता महिला प्रतिभागी को एक स्कूटी पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी । वहीं अन्य प्रतिभागियों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बेस्ट बाय-मार्ट और शिव मंदिर परिसर वार्ड नंबर 7 स्थित शेप महिला जिम में 8 अगस्त तक आवेदन जमा किये जा सकते हैं । प्रेस क्लब के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में अन्य प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती सुशीला मेहता/विष्ट न्यायाधीश बार एसोसिएशन के अलावा लवली-प्रेरणा हुड़िया एमडी अनहद इंडस्ट्रीज मौजूद रहेंगे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष की आरक्षण प्रणाली में हो बदलाव


रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लोकतंत्र सेनानी सुभाष चन्द्र छाबड़ा का कहना है कि जिला पंचायत अध्यक्ष आरक्षण प्रणाली में बदलाव होना चाहिए ये भी सदस्य आरक्षण सूची के साथ ही घोषित होना चाहिए ताकि जनता के पास ये विकल्प रहे कि वो किस प्रकार का अध्यक्ष चुनना चाहती है । श्री छाबड़ा ने कहा कि सदस्यों का चुनाव होने के बाद सत्तारूढ़ दल अपनी सुविधानुसार आरक्षण तय करता है और अपनी मनमर्जी के मुताबिक अध्यक्ष थोपने का प्रयास करता है। अधिकांश में उसे सफलता भी मिलती है। चुने हुए सदस्यों की बोली लगती है, सौदेबाजी होती है जो लोकतंत्र का मजाक है । वैसे सबसे अच्छा और लोकतांत्रिक तरीका तो ये है कि सदस्यों के साथ साथ अध्यक्ष का चुनाव भी सीधे जनता द्वारा ही हो ।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# जनता के दिलों में आज भी कायम है 'ठुकराल ब्रांड'

## पंचायत चुनाव के सहारे ठुकराल की 'फिर से एंट्री, जनता के बीच अपनी पैठ बनाने में कामयाब दिखे ठुकराल

रुद्रपुर। सियासत के मैदान में कुछ लोग ऐसे होते हैं जो कुर्सी जाए तो भी मिटते नहीं बल्कि और निखरते हैं। रुद्रपुर के पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का नाम आज उन्हीं शख्सियतों में गिना जा रहा है। पंचायत चुनाव को मंच बनाकर उन्होंने न सिर्फ अपनी राजनीतिक ताकत का अहसास कराया, बल्कि अपने विरोधियों को आईना भी दिखा दिया। राजनीति से किनारे किए जाने के बावजूद पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पंचायत चुनाव के जरिए अपनी दमदार वापसी का बिगुल बजा दिया है। कभी भाजपा के कद्दावर चेहरे रहे ठुकराल इस बार संगठन से इतर जनता के भरोसे पर खरे उतरे और पंचायत चुनाव में अपनी रणनीति और पकड़ से यह जता दिया कि रुद्रपुर में राजनीति बिना 'ठुकराल फैक्टर' के अधूरी है। 2012 और 2017 में भाजपा के टिकट पर दो बार विधायक रहे श्री ठुकराल को 2022 में पार्टी ने किनारे कर दिया, लेकिन जनता ने नहीं। वे निर्दलीय चुनाव जरूर हारे, मगर मैदान नहीं छोड़ा। पंचायत चुनाव में आजाद उम्मीदवार की जीत के पीछे उनका नाम सबसे ज्यादा चर्चित रहा। यह वही क्षेत्र हैं जो रुद्रपुर विधानसभा के ग्रामीण इलाकों का हिस्सा



हैं, जहां उनके समर्थन से भाजपा के आधिकारिक प्रत्याशी तक धराशायी हो गए। कुरैया,खानपुर पूर्व, खटोला और बरीराई जिला पंचायत क्षेत्र की कई ग्राम सभाएं सीधे-सीधे रूद्रपुर विधानसभा क्षेत्र को प्रभावित करती हैं। खानपुर पूर्व की 13 में से 10, कुरैया की 7, खटोला की 2 और नौ ग्राम सभाओं वाले बरी राई क्षेत्र का कुछ हिस्सा रूद्रपुर और कुछ हिस्सा गदरपुर विधानसभा में है । इन चारों जिला पंचायत क्षेत्रों में से खानपुर पूर्व में ठुकराल सक्रिय रूप से चुनाव प्रचार कर रहे थे तो अन्य तीन सीटों पर अप्रत्यक्ष रूप से निर्दलीय उम्मीदवारों को जिताने के लिए अपनी टीमों को लगाया हुआ था। खास बात यह रही कि खानपुर पूर्व जिला पंचायत सीट से सुषमा हालदार को जितवाने में उन्होंने जो भूमिका निभाई, उसने स्थानीय राजनीति में हलचल पैदा कर दी। जनता के बीच पैठ रखने वाले इस पूर्व विधायक ने गांव-गांव जाकर न केवल प्रचार किया, बल्कि मुद्दों की नब्ज भी टटोली ख्र जिससे यह साफ हो गया कि ठुकराल राजनीति छोड़ने नहीं, मजबूत वापसी के लिए मैदान तैयार करने में जुटे हैं।शहर से लेकर गांव तक, हर वर्ग के बीच लोकप्रियता का ग्राफ ऊपर चढ़ा है। जहां भाजपा के बड़े नेता क्षेत्र में नजर नहीं आए, वहीं ठुकराल ने पंचायत चुनाव को अपना 'जनसंपर्क अभियान' बना लिया। लोगों से सीधा संवाद, डोर-टू-डोर मुलाकात और पुराने कार्यकर्ताओं को फिर से जोड़ने में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी। नतीजा यह रहा कि जनता ने उनका साथ भी खुलकर दिया अब सवाल है- क्या राजकुमार ठुकराल 2027 के लिए तैयारी में हैं? फिलहाल तो साफ है कि उनके कदम फिर से विधानसभा की ओर बढ़ रहे हैं। पंचायत चुनाव के नतीजों ने उन्हें सियासी तौर पर फिर से स्थापित कर दिया है। ठुकराल का अंदाज भी पुराना नहीं रहा, अब वह सीधे जनता के भरोसे राजनीति की नई इबारत लिखना चाहते हैं। पार्टी चाहे साथ हो या नहीं जनता का साथ, उनके लिए सबसे बड़ी ताकत बन गया है।






# बनभूलपुरा रेलवे क्रॉसिंग से गौला पुल तक मार्ग को यातायात के लिए किया बंद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पर्वतीय क्षेत्रों में हो रही लगातार भारी वर्षा के चलते हल्द्वानी क्षेत्र में भू-स्खलन का खतरा गहराता जा रहा है। प्रशासन ने जनसुरक्षा को देखते हुए बनभूलपुरा रेलवे क्रॉसिंग से गौला पुल तक के मार्ग को जनसुरक्षा की दृष्टि से अग्रिम आदेशों तक पूर्णत: बंद कर दिया गया है। यह निर्णय अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग (निर्माण खंड), हल्द्वानी की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार इस संदर्भ में लोक निर्माण विभाग द्वारा भेजे गए पत्र के अनुसार, भारी वर्षा के कारण पहले से क्षतिग्रस्त मार्ग का लगभग 140 मीटर का बायां हिस्सा और अधिक कटाव का शिकार हो रहा है। इससे मार्ग अत्यंत संकरा हो गया है और केवल वन-वे यातायात ही संभव था। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता द्वारा सोमवार को स्थल का निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि लगातार वर्षा के कारण मार्ग पर अचानक अतिरिक्त भू-स्खलन या कटाव की गंभीर संभावना बनी हुई है।



ऐसी स्थिति में मार्ग को यातायात के लिए खुला रखने पर अपरिहार्य दुर्घटनाएं घटित हो सकती हैं। प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर परगना मजिस्ट्रेट हल्द्वानी राहुल शाह ने आदेश जारी करते हुए कहा जन-सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए बनभूलपुरा रेलवे क्रॉसिंग से गौला पुल तक के मार्ग को अग्रिम आदेशों तक यातायात हेतु प्रतिबंधित किया जाता है। प्रशासन ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे कालाढूंगी रोड, काठगोदाम बाइपास, अथवा ऊपरी हल्द्वानी मार्ग जैसे विकल्पों का प्रयोग करें। साथ ही, अत्यावश्यक स्थिति में ही यात्रा करें और मौसम व यातायात की जानकारी पूर्व में प्राप्त करें






## कनकपुर से मासूम बच्चे के साथ विवाहित गायब

काशीपुर। आईटीआई थाना क्षेत्र के ग्राम कनकपुर में मायके आई एक विवाहिता लगभग डेढ़ माह पूर्व मासूम बच्चे के साथ लापता बताई जा रही है। गुमशुदा की मां ने एक युवक पर शक जताते हुए थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी तहरीर में ग्राम कनकपुर थाना आईटीआई निवासी कमला देवी पत्नी भौरन सिंह ने बताया कि ग्राम महवदपुर जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश निवासी उसकी 20 वर्षीय पुत्री पिंकी पत्नी कुलबीर सिंह मायके घूमने आई थी। बीते 13 जून की दोपहर लगभग 2:00 बजे वह अपने 5 वर्षीय बच्चे के साथ अचानक गायब हो गई। महिला ने पुलिस को बताया कि लापता होने से पूर्व पंकज नामक किसी युवक ने मोबाइल नंबर 9817325 357 से उसकी पुत्री को पैसे डाले थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर गायब विवाहिता का पता लगाना शुरू कर दिया।